दिनांकः 12.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- पीएम इंटर्नशिप योजना में पंजीकरण के लिए पोर्टल की शुरूआत आज से–इस महीने की 25 तारीख तक किये जा सकेंगे आवेदन।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भरतपुर में करेंगे जनसुनवाई–विभिन्न विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा बैठक।
- असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का त्यौहार आज श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है।
- विश्व गठिया रोग दिवस पर आज विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन।

..........................

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पोर्टल को आज पंजीकरण के लिए खोला जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से अब तक 193 कम्पनियों द्वारा लगभग 91 हजार इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए गए हैं। सरकार द्वारा इस महीने की तीन तारीख को पायलट आधार पर इस पोर्टल की शुरूआत की गई थी। इस पोर्टल के माध्यम से सरकार का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान सवा लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। पायलट प्रोजेक्ट की कुल लागत 800 करोड़ रुपये होगी। इसके तहत 21 से 24 वर्ष की आयु के एक करोड़ उम्मीदवारों को पांच साल की अवधि में इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। तेल, गैस और ऊर्जा, यात्रा और आतिथ्य, ऑटोमोटिव और बैंकिंग तथा वित्तीय सेवाओं सहित 24 क्षेत्रों में ये अवसर मिलेंगे। इस महीने की 25 तारीख तक पोर्टल के माध्यम से इंटर्नशिप के लिए आवेदन किये जा सकते हैं।

..........................

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अभिनव परियोजनाओं को लागू करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इस योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, व्यापारिक मॉडल और एकीकृत तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए पाँच सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसका उद्देश्य नए विचारों को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप से जुडे संस्थानों और उद्योगों की पहचान करना और उन्हें सहयोग देना शामिल है। चयनित परियोजनाओं को लागत का 60 प्रतिशत या 30 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। केंद्र सरकार ने इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री–सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य छत पर सौर ऊर्जा क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाना और आवासीय घरों को स्वयं बिजली का उत्पादन करने के लिए सशक्त बनाना है।

..........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भरतपुर के सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे। दो दिन के प्रवास पर अपने गृह जिले के दौरे पर गए मुख्यमंत्री भरतपुर के साथ ही डीग, धौलपुर, करौली और सवाईमाधोपुर जिले के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।

इससे पहले, कल मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों का जायजा लिया और आमजन से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं। श्री शर्मा ने आरबीएम अस्पताल, लोहागढ़ किला, कृषि मंडी और हीरादास बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर अधिकारियों को तय समय सीमा में विकास कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने हीरादास से कुम्हेर गेट तक और काली बगीची से आरबीएम अस्पताल के प्रस्तावित फ्लाईओवर्स के निर्माण कार्यों को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने थ्री–डी मॉडल के जरिए आरबीएम अस्पताल के नए भवन की संरचना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने किशोरी महल में पर्यटन विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने को कहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार का मूलमंत्र सबका साथ–सबका विकास है और इसी भावना के साथ प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास का रोड़मैप तैयार किया गया है।

..........................

जैसलमेर में इंदिरा गांधी नहर के पानी की चोरी को रोकने के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा गठित इस फोर्स में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी निगरानी करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

............................

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का त्यौहार आज श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जगह–जगह रावण दहन के कार्यक्रम रखे गए हैं। शुभ मुहुर्त में शाम को बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। प्रदेशभर में कई जगह परम्परागत रूप से मेलों का भी आयोजन हो रहा है। कोटा के प्रसिद्ध दशहरा मेले में बड़ी संख्या में आमजन शामिल हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि विजयश्री रंगमंच पर परम्परागत तरीके से रावण दहन किया जाएगा। इस बार रावण का अस्सी फुट का पुतला बनाया गया है। राजधानी जयपुर में भी जगह–जगह रावण दहन के आयोजन हो रहे हैं। एक रिपोर्ट –

............................

विजयदशमी पर परम्परागत रूप से कई संगठनों और मंदिरों में शस्त्र पूजन के आयोजन भी हो रहे हैं। इस अवसर पर गोष्ठियां रखी गई हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विजयदशमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने कामना की है कि आस्था और उत्साह का यह त्योहार सभी के लिए सफलता, समृद्धि और खुशियां लाएगा।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से सभी को जीवन के हर क्षेत्र में विजय हासिल हो, यही उनकी कामना है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने प्रदेशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह त्योहार मनुष्य को अपने अंदर की बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात् करते हुए समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी लोगों को विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए सुख समृद्धि की कामना की है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने संदेश में विजय दशमी को मानवता की विजय यात्रा का पर्व बताया है। उन्होंने लोगों से जीवन में अनुष्ठान और सदाचार के पालन का आह्वान किया।

............................

प्रदेश में त्यौहारों सीजन को देखते हुए शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत कई जगह कार्रवाई की जा रही है। हनुमानगढ में खाद्य सुरक्षा दल ने विभिन्न मिठाई विक्रेताओं के यहां कार्रवाई करते हुए खाद्य सामग्री के नमूने इकट्ठे किये। इस दौरान करीब 19 किलो मिठाईयां नष्ट की गईं।

............................

आज विश्व गठिया रोग दिवस है। हड्डियों में पोषक तत्वों की कमी के कारण असहनीय पीड़ा होती है, जिसे गठिया या अर्थराइटिस कहा जाता है। हड्डी रोग के प्रति जागरूकता के लिए हर वर्ष 12 अक्टूबर को यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ''ज्वॉइंट हैल्थ फॉर आल'' रखी गई है। गठिया नर्व सिस्टम से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जो व्यक्ति को शारीरिक रुप से अक्षम कर देती है। भारत में करीब 15 प्रतिशत आबादी गठिया रोग से प्रभावित है। यह बीमारी सभी उम्र के लोगों में देखी जा रही है। महिलाओं में भी इस रोग का एस्ट्रोजन हार्मोन में वृद्धि के कारण बड़ी संख्या में प्रसार देखा गया है। पर्यावरण असंतुलन और बदलती जीवन शैली इस रोग के प्रमुख कारणों में से एक हैं।

............................